# उन्नति एप्पल योजना किसानों को मजबूत बनाएगी: पुष्कर सिंह धामी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने बुधवार को जीएमएस रोड स्थित वाडिया भू विज्ञान संस्थान में इंडो डच हार्टिकल्चर और कोका कोला इंडिया की 'संकल्प से परिवर्तन की ओर' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेब उत्पादन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले कृषकों को सम्मानित किया। उन्नति एप्पल योजना के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए इंडो डच हार्टिकल्चर और कोका कोला इंडिया सहयोग कर



रहा है।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जीवन में किसी लक्ष्य को पाने के लिए संकल्प के साथ आगे बढ़ना बहुत जरूरी है। जब हम किसी लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लेते हैं तभी कोई परिवर्तन आता है।
कोका कोला इंडिया तथा इंडो डच हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी ने जिस कार्य को पूरा करने का संकल्प लिया था, उसे सिद्धि तक पहुंचा रहे हैं। इसके अंतर्गत नाबार्ड के सहयोग से 18 हजार पॉली हाउस की स्थापना के लिए 280 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। सेब उत्पादन को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करने के लिए एप्पल मिशन के तहत 35 करोड़ की योजना को भी प्रारंभ किया गया है। राज्य में उच्च मूल्य वाली फसलों कीवी, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी आदि को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में एप्पल मिशन के साथ अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जा रहा है। जम्मू कश्मीर और हिमाचल के साथ- साथ उत्तराखंड की भी सेब उत्पादन में विशेष पहचान बने, इसके लिए गुणवत्ता व पैकिंग पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोका कोला इंडिया तथा इंडो डच हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी के सहयोग से प्रदेश में चल रही ह्लउन्नति एप्पल योजनाह्व के बड़े लाभकारी परिणाम सामने आये हैं। उनके द्वारा एक हजार बगीचों का कार्य पूरा किया गया है। लगभग चालीस हजार लोगों को इसके अंतर्गत ट्रेनिंग प्रदान की गयी है।

# तीर्थ नगरी के खिलाड़ियों को आत्मनिर्भर बना रही कोच शिवानी गुप्ता

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
तीर्थ नगरी ऋषिकेश में स्थित पंजाब सिंध क्षेत्र धर्मशाला मुखर्जी मार्ग और बालिका विद्या मंदिर ढालवाला में देव भूमि ऋषिकेश मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर की कोच शिवानी गुप्ता तीर्थ नगरी के खिलाड़ियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण दे रही हैं।
कोच शिवानी गुप्ता का कहना है कि कराटे खेल न केवल आत्मरक्षा के लिए बल्कि अपना बेहतर भविष्य बनाने का विकल्प है। इस खेल में जो खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर राज्य और देश का मान बढ़ाता है, उन पदक विजेताओं को उत्तराखंड सरकार नकद पुरस्कार धनराशि देकर भी सम्मानित किया जाता है। यह साहसिक खेल नौकरी के लिए भी एक बेहतर विकल्प है, जिससे



**8 शिवानी गुप्ता का कहना है कि कराटे खेल न केवल आत्मरक्षा के लिए बल्कि अपना बेहतर भविष्य बनाने का विकल्प है**

युवा व शहर की बेटियां आत्मरक्षा करते हुए खेल के क्षेत्र में नौकरी भी ले सकते हैं।
उल्लेखनीय है कि कोच शिवानी गुप्ता लगभग 6 वर्षों से कराटे का प्रशिक्षण देती हुई आ रही है। वह स्वयं एशियन पदक विजेता है जिन्होंने आबूधाबी में दो रजत और बहरीन में दो कांस्य पदक हासिल कर देश का परचम लहराया है। महत्वपूर्ण ये भी है कि उनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल कर देव भूमि का परचम लहरा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएवी पीजी कॉलेज के छात्र विकास ने जेआरएफ क्वालीफाई किया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
डीएवी पीजी कॉलेज के छात्र विकास सिंह ने यूजीसी नेट परीक्षा में 99.79 परसेंटाइल के साथ देश में 93 रैंक के साथ जेआरएफ प्राप्त किया। विकास ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों, परिजनों और साथियों को दिया है।
डीएवी पीजी कॉलेज के छात्र विकास ने 2022 में डीएवी कॉलेज से परास्नातक डिग्री इतिहास विषय में पास की थी। विकास की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर कमांद और माध्यमिक शिक्षा राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर गढ़वाल से हुई है। विकास स्नातक में विज्ञान विषय के विद्यार्थी रहे हैं।
राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ के आर जैन और इतिहास विभाग के शिक्षक डॉ रवि शरण दीक्षित ने विकास को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

### भाजयुमो के नवनियुक्त जिला महामंत्री और उपाध्यक्ष ने क्षेत्रीय विधायक से की मुलाकात

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल से युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला महामंत्री शिवम टुटेजा और जिला उपाध्यक्ष अक्षय खैरवाल ने मुलाकात की। इस दौरान मंत्री डॉ. अग्रवाल ने दोनों कार्यकर्ताओं को जुझारू और कर्मठ बताया।
बुधवार को ऋषिकेश स्थित आवास में हुई मुलाकात पर डॉ. अग्रवाल ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी में भाजपा में कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया जाता है। भाजपा परिवार में कोई पद छोटा व बड़ा नहीं होता है। कार्यकर्ताओं की उपयोगिता के अनुसार संगठन उपयोग करता है। उन्होंने कहा कि आप दोनों भाजपा परिवार के सदस्य ही नहीं अपितु पदाधिकारी मनोनीत हुए हैं, इसके लिए आप सभी को पार्टी एवं संगठन का आभार व्यक्त करना चाहिए। आगामी होने वाले नगर निगम व लोकसभा के चुनाव के मध्य आप सभी को अपने सामर्थ्य और निष्ठा के साथ पार्टी के चुनाव को जिताने का कार्य करना है।
इस पर भाजयुमो के नवनियुक्त जिला महामंत्री शिवम और उपाध्यक्ष अक्षय ने क्षेत्रीय विधायक को पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ संगठन से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने और मजबूत कर पार्टी को जीत दिलाने का भरोसा दिया।

### अमेजन किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग ने की पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के पांचवें एडिशन के विजेताओं की घोषणा

**देहरादून।** अमेजन की सेल्फ-पब्लिशिंग सर्विस किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग ने अपने प्रमुख कॉन्टेस्ट पेन टू पब्लिश के पांचवें वर्ष के परिणामों की घोषणा की है इस कॉन्टेस्ट को महत्वाकांक्षी लेखकों से शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है जिन्होंने जूरी सदस्यों के एक सम्मानित पैनल के सामने अपनी ई-बुक्स को प्रस्तुत किया केडीपी पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट विभिन्न शैलियों में सेल्फ-पब्लिश्ड लेखकों को साहित्यिक रूप से पहचान दिलाती है। इस कॉन्टेस्ट के जरिय, केडीपी ने अंग्रेजी, हिन्दी और तमिल तीनों प्रतिभागी भाषाओं में से प्रत्येक में 11-11 सेल्फ-पब्लिश्ड ई-बुक्स का चयन किया। शीर्ष 3 विजेताओं में से प्रत्येक को एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया, और तीनों भाषाओं में प्रत्येक प्रथम उपविजेता को 50,000 रुपए का पुरस्कार दिया गया। दूसरे नंबर के सभी उपविजेताओं को 30,000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि शीर्ष 11 में से शेष 8 प्रतिभागियों को 10,000 रुपए की राशि प्रदान की गई जूरी पैनल में अंग्रेजी के लिए बेस्ट-सेलिंग लेखक सुदीप नागरकर और सुधा नायर, हिन्दी के लिए सत्या व्यास और विजय काकवानी, और तमिल के लिए नागा चोक्कन और केबल संकर शामिल थे। इस साल, कॉन्टेस्ट में लिट्रेचर एंड फिक्शन, रोमांस, साइंस फिक्शन एंड फैंटेसी, और मिस्ट्री एंड थ्रिलर्स जैसी शैलियों में आवेदन प्राप्त हुए। इन सभी आवेदनों को जूरी पैनल द्वारा वास्तविकता, रचनात्मकता और लेखन की गुणवत्ता सहित कई मानदंडों के आधार पर परखा गया था। वैशाली अग्रवाल कैटेगरी लीडर किंडल कंटेंट इंडिया अमेजन ने कहा पिछले 10 वर्षों से अमेजन केडीपी निरंतर लेखकों को प्रोत्साहित करने और उन्हें एक ऐसी सेवा प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है जो उन्हें अपनी ई-बुक्स को स्वयं प्रकाशित करने और मान्यता प्राप्त लेखक बनने में सक्षम बनाता है केडीपी पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के पांचवें वर्ष में डॉक्टर्स वकील, इंजीनियर और गृहिणियों जैसे विभिन्न क्षेत्रों के नवोदित और स्थापित लेखकों ने भागीदारी की है। विजय काकवानी बेस्ट-सेलिंग लेखक और हिन्दी भाषा के लिए जूरी सदस्य ने कहा पेन टू पब्लिश प्रतियोगिता के पांचवें एडिशन के लिए हिन्दी में प्रस्तुत आवेदन को पढ़ना बहुत खुशीभर था।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के हल्द्वानी में एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है।
चौकी प्रभारी लामाचैड के अनुसार थाना मुखानी क्षेत्रान्तर्गत बुधवार को कमालुआगंजा में ट्रक और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हरो गई थी। ट्रक चालक फरार हो गया था। इससे कुछ देर के लिए सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई था, जिसे पुलिस कर्मियों ने खुलवा दिया था।

# संयुक्त रोटेशन समिति ने शहर को जाम और अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने की मांग

**8 संजय शास्त्री को व्यवस्था समिति का अध्यक्ष चुने जाने पर उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों ने स्वागत किया**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
संयुक्त रोटेशन व्यवस्था समिति ने चारधाम यात्रा के मद्देनजर शासन से ऋषिकेश शहर को आए दिन लगने वाले जाम और अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने की मांग की।साथ ही संजय शास्त्री को व्यवस्था समिति का अध्यक्ष चुने जाने पर उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों ने स्वागत किया।
बुधवार को उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों की बैठक नगर निगम परिसर स्वर्गीय इंद्रमणि



बडोनी हॉल ऋषिकेश में हुई। इसमें राज्य निर्माण सेनानियों ने चारधाम यात्रा के मद्देनजर रखते हुए ऋषिकेश शहर को आम और अतिक्रमण की समस्या से निजात दिलाने की मांग की गई। समिति के सदस्यों ने कहा कि चाहे देहरादून रोड हो, हरिद्वार रोड हो आईएसबीटी रोड हो, अभी तक प्रशासन ने इन क्षेत्रों से अतिक्रमण नहीं हटाया।
श्यामपुर फाटक के पास रोड पर इस कदर जाम है कि स्थानीय लोगों को आने जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शासन-प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए कि जाम वह अतिक्रमण से कैसे स्थानीय लोगों को निजात मिल सके। शासन-प्रशासन ने इस पर संज्ञान नहीं लिया तो तुरंत ही मुख्यमंत्री से इस विषय पर बात की जाएगी।
इसके साथ बैठक में चारधाम संयुक्त रोटेशन व्यवस्था के अध्यक्ष बनने पर संजय शास्त्री का राज्य निर्माण सेनानियों ने स्वागत किया। वक्ताओं ने यह भी कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि संजय शास्त्री चारधाम संयुक्त रोटेशन व्यवस्था की जवाबदेही को बखूबी निभाएंगे और चार धाम में आने वाले यात्रियों को कोई दिक्कत नही दी जाएगी।
बैठक में मुख्य रूप से वेद प्रकाश शर्मा डीएस गुसाईं, संजय शास्त्री ,गंभीर सिंह मेवाड़, बलवीर सिंह नेगी, उदयवीर चौहान ,बीडी डोभाल, चंदन पंवार, बेताल सिंह धनाई, लोग मौजूद थे। इसकी अध्यक्षता बलवीर सिंह नेगी और संचालन वेद प्रकाश शर्मा ने किया।

# गोकशी करते दबोचा, फरार आरोपितों की तलाश जारी

**8 तीन आरोपित फरार होने में कामयाब रहे। पकड़े गए आरोपित ने अपना नाम इकराम पुत्र रशीद बताया।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भगवानपुर पुलिस ने खेत में गौकशी करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन आरोपित फरार होने में कामयाब रहे।
पुलिस ने पकड़े गए आरोपित के पास से गौमांस और उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश कर रही है।
भगवानपुर थाना पुलिस को देर रात खेत में गौकशी किए जाने की मुखबिर से सूचना मिली। सूचना



पर पुलिस ने बताए स्थान ग्राम छापुर, भगवानपुर, हरिद्वार पर छापा मारकर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर तीन आरोपित फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपित ने अपना नाम इकराम पुत्र रशीद बताया। आरोपित के पास से 215 किलोग्राम गौमांस बरामद किया। साथ ही गौकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए।

## एक किलो से अधिक गाजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार**
थाना सिडकुल पुलिस ने गांजे के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 के तहत नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीएचईएल सेक्टर 6 तिराहे के पास से शक के आधार पर एक आरोपित को पकड़ा। तलाशी लेने के पर उसके पास से 1 किलो 106 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम सरोज निवासी नकाह थाना लखीमपुर खीरी कोतवाली सदर खीरी उ.प्र. हाल निवासी रावली महदूद थाना सिडकुल जनपद हरिद्वार बताया।

# अधिकारी योजनाओं के संचालन में वित्तीय अनुशासन बनाए रखें: पयाल



**रुद्रप्रयाग**
सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत विशेष कार्याधिकारी कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन विभाग उत्तराखंड शासन ने ब्लॉक सभागार अगस्त्यमुनि में सरकार की ओर से संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही उनके सफल क्रियान्वयन के लिए विभागीय अधिकारियों को वित्तीय अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया।
विशेष कार्याधिकारी कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन धर्मेंद्र पयाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का ह्यहमारा संकल्प, अनुशासित प्रदेशह्ण का नारा तभी फलीभूत होगा जब अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिले। सरकार के तीन मुख्य उद्देश्य सरकार जनता के द्वार, हमारा संकल्प बहुमुखी एवं भयमुक्त समाज के तहत संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागीय अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय आवश्यक है। कहा कि योजनाएं बनाते समय यह ध्यान रखा जाये कि वह दीर्घकालिक एवं जनोपयोगी हों। साथ ही योजनाओं से लाभान्वित होने तथा उसके प्रभाव का भी आकलन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का सफल क्रियान्वयन को लेकर ग्रामीण स्तर पर पाक्षिक या मासिक दौरा करते हुए समस्याओं का समाधान करें। कोशिश रहे कि जनता की समस्या का समाधान ग्राम स्तर पर ही कर दिया जाय। यदि न हो सके तो अपने उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत कराते हुए सुझाव भी दें, जिससे भविष्य में योजनाएं बनाते समय उनके सुझाव पर भी चर्चा हो सके।
कृषि, उद्यान आदि के क्षेत्र में भी संचालित हो रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति के अनुसार उन क्षेत्रों में उत्पादित होने वाली फसलों एवं फलों की पैदावार को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना तैयार करें। इसके लिए क्षेत्रीय किसानों को जागरूक किया जाए, जिससे कि किसानों की आमदनी दोगुनी हो।

# तीर्थ नगरी में धूल भरी आंधी ने लोगों की बढ़ाई मुश्किलें

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
तीर्थ नगरी ऋषिकेश में बुधवार को दिनभर धूल भरी हवा चलती रही। गर्मी के बीच धूल के गुब्बार से सड़कों पर चलना मुश्किल रहा। जहां-तहां चल रहे निर्माण कार्य के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। चिकित्सकों की सलाह है कि सांस और दमा के रोगी विशेष सावधानी बरतें।
मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच अब गर्मी जोर पकड़ने लगी है। मंगलवार का दिन काफी गर्म रहा था। आज बुधवार को भी सुबह से ही मौसम में गर्माहट थी, लेकिन हवा बहुत हल्की थी। दिन चढ़ने के साथ हवा तेज हो गई और चारों तरफ धूल का गुब्बार उठने लगा।तेज हवाओं में कई जगहों पर



दुकानदारों का सामान भी गिर गया। हरिद्वार रोड़ पर पुरानी चुंगी के समीप सड़क चौड़ीकरण के लिए की गई खुदाई से आज दिक्कतें काफी बढ़ती नजर आई। यहां बाइक-स्कूटी सवारों को तो रुकना पड़ा और चौपहिया व अन्य वाहनों के चालकों को भी गति कम करनी पड़ी।
नगर के सरकारी चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. मुकेश पांडे का कहना है कि धूल से सांस एवं दमा के रोगियों की परेशानी बढ़ सकती है। लापरवाही घातक सिद्ध हो सकती है। इसलिए ऐसे लोगों को विशेष एहतियात बरतनी चाहिए। अगर आने वाले दिनों में भी ऐसी ही धूल भरी हवा चलती है ,तो कोशिश करें कि घर में ही रहें। गुनगुना पानी पीते रहें। अगर बाहर निकल रहे हैं तो मास्क अवश्य लगाएं। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. राजे नेगी ने बताया कि धूल से आंखों में संक्रमण हो सकता है। एलर्जी की समस्या भी बढ़ सकती । अगर अधिक परेशानी हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

# देवभूमि उत्तराखंड को शर्मिंदा कर रहा शराब और मांस का व्यापार

**रुद्रप्रयाग/टीम एक्शन इंडिया**
देवभूमि उत्तराखंड में शराब और मांस के व्यवसाय से संत समाज आहत है। खासकर केदारनाथ यात्रा पड़ावों में मांस का व्यवसाय धड़ल्ले से चलने के कारण संत समाज ने कड़ा आक्रोश जताया है।
बाबा बफार्नी से नाम प्रसिद्ध संत ललित रामदास महाराज ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के चारधामों के पड़ावों में इस तरह के व्यवसाय पर रोक लगनी बहुत जरूरी है। इससे देश-विदेश से यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की भावनाओं को ठेस तो पहुंचती ही है। साथ ही वे यहां से अच्छा संदेश लेकर नहीं जाते हैं। संत समाज ने तीर्थ स्थलों को पर्यटन



ना बनाएं जाने की बात की है।
आपदा के बाद से शीतकाल और ग्रीष्मकाल दोनों सीजनों में धाम में रहकर केदारनाथ बाबा की तपस्या में लीन रहने वाले बाबा बफार्नी से प्रसिद्ध ललित रामदास महाराज ने देवूभमि उत्तराखंड में मांस और मदिरा का व्यवसाय होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम में यात्रा की तैयारियों को प्रशासन जुटा हुआ है। देश-विदेश के श्रद्धालु चार धामों के कपाट खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इन दिव्य धामों में एक केदारनाथ धाम भी है।
केदारनाथ यात्रा को तीर्थाटन बनाए रखने में सरकार और शासन-प्रशासन को सहयोग करने की जरूरत है। यह क्षेत्र मनोरंजन का स्थान नहीं है, बल्कि तीर्थाटन का क्षेत्र है। यहां लोग शांति के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की पहचान इन्हीं धामों से है। कोई नहीं जानता रुद्रप्रयाग और चमोली जिला कहां है, लेकिन सभी को यह मालूम है कि केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम देवभूमि उत्तराखंड में हैं। इसलिए बाहरी राज्यों के लोग उत्तराखंड को देवभूमि के नाम से जानते हैं। उन्होंने कहा कि मांस और मदिरा ये दोनों चीजें आय की व्यवस्था हो सकती हैं, लेकिन यह व्यवस्था सही नहीं है। इससे श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंच रही है।
उन्होंने सरकार और शासन-प्रशासन को सुझाव दिया कि बाबा केदार के धाम में बड़े-बड़े राजनेता, अधिकारी पहुंचते हैं और वे बाबा के सामने नतमस्तक हो जाते हैं। बाबा के पड़ावों में मदिरा और मांस का सेवन बंद किया जाना चाहिए। चारधाम की यात्रा हरिद्वार से प्रारम्भ होती है। पंच बद्री और पंच केदार देवभूमि उत्तराखंड में हैं। शराब और मांस का व्यवसाय हमारे देवभूमि के आकर्षण को कम करने का काम कर रहे हैं।ऐसे में चारधामा यात्रा शुरू होने से पहले इन दोनों चीजों को तीर्थ स्थलों में प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।
गौरतलब है कि रुद्रप्रयाग जिला मुख्यालय से लेकर केदारनाथ हाइवे के काकड़ागाड़ तक चार से पांच अंग्रेजी शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं, जबकि यात्रा मार्ग पर जगह-जगह मांस की दुकानें भी खुली हुई हैं। यात्रा के दौरान मांस का व्यापार खुलेआम होने और जगह-जगह हाइवे पर शराब की दुकानें खुली होनी से तीर्थयात्रियों की आस्था को ठेस पहुंचती है।

# स्वावलंबन है होनहार छात्र की पहचान

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
आवास विकास कॉलोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वंदना सत्र में शिशु शिक्षा समिति के पूर्व प्रदेश निरीक्षक सत्य प्रसाद बंगवाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य उमाकांत पन्त के साथ सरस्वती मां के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्ज्वलन किया।
बुधवार की सुबह बच्चों को सम्बोधित करते हुए शिशु शिक्षा समिति के पूर्व प्रदेश निरीक्षक सत्य प्रसाद बंगवाल ने कहा कि एक विद्यार्थी को अपने जीवन में परिश्रमी, स्वावलंबी, ईमानदार और अपने कार्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होना चाहिए। ऐसा करके सफलता अर्जित की जा सकती है। साथ ही



उन्होंने एक लघु नाटिका के माध्यम से बताया कि एक शिक्षक का छात्र के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है, शिक्षक अपने गुणों तथा आचरण से पूजनीय होता है।
प्रधानाचार्य उमाकान्त पन्त ने कहा कि अनुशासन विद्यार्थी के जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है तथा वह अनुशासित होकर ही अपने जीवन में सफलता हासिल कर सर्वोच्च शिखर पर पहुंच सकता है। इस अवसर पर सतीश चौहान, राजकुमार यादव, रामगोपाल रतूड़ी, रजनी गर्ग सहित सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।

